# युवा-भूषण

## व्यक्तित्व उत्थान के संदर्भ में प्रशिक्षणात्मक व स्पर्धात्मक अभियान (2023-24)

आज लाखों युवा अपने स्वप्नों की पूर्ति के लिए किए जानेवाले प्रयासों के तहत प्रतिदिन नित नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। शैक्षणिक कालखण्ड पूर्ण होते ही रोजगार, स्वयंरोजगार, उद्योग, व्यापार एवं सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में पदार्पण करते समय उनसे उनके ज्ञान व गुणों की कसौटी पर खरा उतरने की अपेक्षा रहती है| जीवन प्रवास में किसी विशिष्ट स्थान पर पहुंचने की महत्वाकांक्षा के साथ गतिशील प्रत्येक युवा को ऐतिहासिक, भौगोलिक, वैज्ञानिक, तांत्रिक, आर्थिक, कृषि-उद्योग, व्यवसाय, सेवा, कला-क्रीड़ा, साहित्य, तत्वज्ञान, मीडिया तथा मानवीय मूल्यविषयक ज्ञान के धरातल पर परखा जाता है। अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए सामाजिक दृष्टिकोण, सर्व समावेशी सोच, जय जगत घोष के आधार के साथ व्यक्तित्व, नेतृत्व व् दायित्व के बारे में युवाजनों को अपना परिचय देना होता है। युवा भूषण / प्रतिभा शोध हेतु -

A) 16 से 25 आयु के युवाजनों को प्राप्त ज्ञान और क्षमता के आधार पर तीन पड़ाव पूरे करने होंगे । B) प्रतियोगिता/ परीक्षण हेतु आवेदन पत्र के साथ शारीरिक सुदृढ़ता के संदर्भ में अपेक्षित दी गयी जानकारी सत्यापित करनी होगी । C) प्रथम पड़ाव में युवाजनों को प्राप्त ज्ञान और उसकी वृद्धि हेतु गांधी जयंती 02 अक्तूबर के दिन on-line सुबह 11:00 से 12:00 के बीच ऑब्जेक्टिव प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। 75 ऑब्जेक्टिव प्रश्नों के लिए कुल 150 गुणांक निर्धारित हैं। ऑब्जेक्टिव प्रश्न सामान्य ज्ञान, तार्किक विचार, डेटा व्याख्या, समझ, निर्णयन, हल, सामयिकी, मूल्य व नागरिकता, आर्थिक साक्षरता एवं उद्यमशीलता और सतत विकास जैसे मुद्दों पर आधारित होंगे। D) 125 से अधिक गुण प्राप्त करनेवाले प्रथम 150 गुणवत्ताधारक दूसरे पड़ाव में परीक्षण हेतु दिनांक 19 नवंबर से 25 दिसंबर के बीच 10 नगरों में किसी एक स्थान पर offline परीक्षण हेतु उपस्थित होंगे | जिनके परीक्षण स्थलों की जानकारी 09 अगस्त से संकेत स्थल www.biradari.org पर प्राप्त हो सकेगी | जबकि offline भाग नहीं ले सकने वाले प्रतिभागी 28 दिसंबर के दिन online Interview (साक्षात्कार) द्वारा सहभागी हो सकेंगे | E) तीसरे चरण में गुणवत्ता के आधार पर चयनित सर्वोत्कृष्ट 30 स्पर्धक समूह चर्चा (25 गुण), साक्षात्कार (25 गुण), स्वयं मूल्यांकन (25 गुण) तथा फिटनेस (20 गुण) के संधर्भ में परीक्षण हेतु १२ मार्च के दिन मुंबई में आमंत्रित होंगे |

प्रवेश, नियम और पुरस्कार : युवाभूषण प्रतियोगिता के लिए 09 अगस्त से 25 सितंबर के बीच ऑनलाईन पंजीकरण होगा| 50/- रुपये प्रवेश-शुल्क होगा। जानकारी तथा पंजीकरण हेतु www.biradari.org इस संकेतस्थल पर संपर्क करना होगा। प्रतियोगिता में केवल 16 से 25 आयु के युवाजन सम्मिलित हो सकते हैं। युवा भूषण प्रतियोगिता के संदर्भ में नियमावली में संशोधन, प्रवेश व परीक्षण हेतु सभी अंतिम अधिकार युवक बिरादरी (भारत) के संचालक - समिति के पास सुरक्षित रहेंगे। इस अधिकार को किसी भी मंच पर आव्हान देने का अधिकार नहीं होगा। पुरस्कार/ धनराशि के रूप में प्रथम तीन सर्वोत्कृष्ट प्रतियोगियों को क्रमश: 50,000/-, 30,000/- और 20,000/- रूपये और प्रोत्साहन के रूप में तीस युवाजनों को प्रति व्यक्ति रु. 5,000/- प्रदान किये जाएंगे | प्रथम राउण्ड में चयनित 150 सर्वोत्कृष्ट सहभागियों को सेकेण्ड राउंड हेतु उनके मेल आयडी / व्हाटसप पर सूचना दी जाएगी| जानकारी व पंजीकरण हेतु 09 अगस्त से 25 सितंबर के बीच www.biradari.org पर संपर्क करें | डेमो - 27 सितंबर जबकि ओनलाइन प्रथम राऊंड परीक्षण 02 अक्टूबर के दिन संपन्न होगा । युवा भूषण राउण्ड - 02 ऑफ लाइन के संदर्भ में परीक्षण स्थलों की जानकारी 09 अगस्त से संकेत स्थल www.biradari.org पर प्राप्त हो सकेगी | जबकि offline भाग नहीं ले सकने वाले प्रतिभागी 28 दिसंबर के दिन online Interview (साक्षात्कार) द्वारा सहभागी हो सकेंगे |

**Website : www.biradari.org**
**Email : info@biradari.org**

YUVAK BIRADARI

हजारीमल सोमाणी मार्ग, फोर्ट,
मुंबई - ४०० ००१.

फोन : - ०२२ २२०७५५९२